# सुंदर विचारों से ओतप्रोत सृजनात्मक मस्तिष्क के साथ मजबूत बनें : डॉ. कर्णसिंह

## उदयपुर के भूपाल नोबल्स विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह आयोजित

**उदयपुर,** (कासं)। उच्च शिक्षा में गुणवत्ता और शोध को प्रोत्साहित करने के लिए समर्पित उदयपुर के भूपाल नोबल्स विश्वविद्यालय के प्रथम दीक्षांत समारोह का आयोजन गुरूवार को भूपाल नोबल्स संस्थान के महाराणा प्रताप खेल मैदान पर सम्पन्न हुआ, जिसमें देशभर से प्रतिष्ठित अतिथियों की उपस्थिति रही। दीक्षांत समारोह बेटियों के नाम रहा। 147 में से 131 स्वर्ण पदक बेटियों को मिले तो सबके चहरे खिल उठे। समारोह में 224 को पीएच.डी की उपाधि प्रदान की गई जिसमें से 154 बेटियों के नाम रही। इसमें भी 68.75 प्रतिशत अर्थात 154 पीएचडी सिर्फ बेटियों ने प्राप्त कर पचरम फहरा दिया।



दीक्षांत समारोह को पूर्व केंद्रीय मंत्री व राज्यसभा सदस्य डॉ. कर्णसिंह ने संबोधित किया।

■ सभी दिशाओं से आने वाले अच्छे विचारों का स्वागत कीजिए व लोक कल्याण में आगे बढ़िये: कर्नल प्रो. सारंगदेवोत

मुख्य अतिथि पद्म विभूषण से सम्मानित एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री, राज्यसभा सदस्य डॉ. कर्णसिंह ने कहा कि जब तक आप अपना निर्माण नहीं करोगे, तब तक आप इस योग्य नहीं बनोगे कि आप इस भारतवर्ष का निर्माण कर सको। अपना निर्माण आपको हर प्रकार से करना होगा। अपने शरीर को स्वस्थ रखो। स्वस्थ रहिये ताकि देश सेवा में लग सकें। दिमाग को चतुर बनाइये। बदलते दौर में अपने दिमाग को तेज बनाइये। उसका सृजनात्मक प्रयोग लगातार कीजिए, सीखिये जितना कुछ हो सके। सीखने की कोई उम्र नहीं होती, मैं आज तक सीखता ही जा रहा हूं। जहां से अच्छे विचार आएं, हमें सीखना चाहिए। शरीर को बनाइये, मस्तिष्क को बनाइये। डॉ. कर्णसिंह ने कहा कि सुंदर विचारों से ओतप्रोत सृजनात्मक मस्तिष्क के साथ मजबूत बनिये और नया देश बनाइये। घृणा, गुस्सा, दुश्मनी द्वेश बढ़ते जा रहे हैं जो हमारे समाज के लिए अच्छे नहीं है। कश्मीर से कन्याकुमारी तक भारत विविधताओं का देश है फिर भी उसमें एकता है। हमें यह एकता कायम रखती है। मेरी उम्र स्वतंत्र भारत से ज्यादा है। किस प्रकार से आजादी से पहले घृणा, नफरत, अलगाववाद की बातें चलीं व अंत में तीन हिस्से भारतवर्ष के हो गए, लाखों लोग बेघर हो गए। ये होता है परिणाम घृणा का।

समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि महाराजा डॉ. कर्णसिंह, चेयरपर्सन कर्नल प्रो. शिवसिंह सारंगदेवोत, मंत्री महेन्द्र सिंह आगरिया, प्रबंध निदेशक मोहब्बत सिंह रूपाखेड़ी, अध्यक्ष डॉ. चेतन सिंह चौहान, रजिस्ट्रार डॉ. एन.एन. सिंह द्वारा पंडित प्रो. परमानंद भारद्वाज के मंत्रोच्चारण के साथ मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पांजली एवं दीप प्रज्जवलित कर किया गया। अध्यक्षता करते हुए विवि के चेयरपर्सन कर्नल प्रो. शिवसिंह सारंगदेवोत ने कहा कि 1923 में वंचित वर्ग को शिक्षा की मुख्य धारा से जोडने के उद्देश्य से तात्कालीन महाराज कुंवर भूपालसिंह ने नोबल्स विद्यालय की स्थापना की जिसे 2015 में राजस्थान सरकार ने विश्वविद्यालय का दर्जा प्रदान किया। उन्होंने कहा कि साहित्यिक, सांस्कृतिक, वन शिविर, इंडस्ट्रियल विजिट, जन जागरूकता कार्यक्रम, नॉलेज शेयरिंग आदि में हमारा विवि बेस्ट प्रैक्टिस के तहत एमओयू साझा कर रहा है। हमें गर्व है कि 90 प्रतिशत गोल्ड मेडल छात्राओं ने जीते हैं। पीएचडी धारक भी 70 प्रतिशत से अधिक महिलाएं हैं। सत्य यह है कि नारी संपूर्ण राष्ट्र को सही दिशा दिखा रही है। हमारी प्राचीन भारतीय सभ्यता में शिक्षक को सर्वोत्तम स्थान प्राप्त है।

समारोह से पूर्व अतिथियों द्वारा संस्थान परिसर में लगी भूपालसिंह की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया, ततपश्चात एनसीसी केडेट्स द्वारा डॉ. कर्णसिंह को गार्ड ऑफ ऑनर दिया। इसके बाद विवि के परंपरागत रीति-रिवाजों के अनुसार सेरेमोनियल रोबिंग हुई। चेयरपर्सन प्रो. कर्नल एस.एस. सारंगदेवोत द्वारा मुख्य अतिथियों का औपचारिक स्वागत एवं समारोह की आधिकारिक घोषणा के बाद दीक्षांत समारोह में विद्यार्थियों को पीएचडी की उपाधियाँ प्रदान की गई। डॉ. महेंद्र सिंह ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर एमपीयूटी के कुलपति प्रो. अजित कुमार कर्नाटक, आईपीएस डॉ. विष्णुकांत, आईएस शक्ति सिंह राठौड़, डॉ. चेतना भाटी, सीकर जिला प्रमुख गायत्री राठौड़, वरिष्ठ अधिवक्ता सुशील कुमार, पूर्व विधायक त्रिलोक पुर्बिया, प्रो. एकलिंग सिंह, प्रो. जरियाव सिंह, राजेन्द्र सिंह, शक्ति सिंह, डॉ. युवराज सिंह, नवल सिंह जुड, नकुल सिंह, कमलेश्वर सिंह, भंवर सिंह चौहान, सुरेन्द्र प्रताप सिंह शक्तावत, करण सिंह चुण्डात, महेन्द्र सिंह चुण्डावत, पुष्पेन्द्र सिंह शक्तावत, राजेन्द्र सिंह राणावत, कुलदीप सिंह चुण्डावत, महेन्द्र सिंह पाटिया पीजीडीन डॉ. प्रेम सिंह रावलोत, डॉ. रेणु राठौड, डॉ. रितु तोमर, डॉ. रजनी अरोडा, भानु प्रताप सिंह सहित संस्थान के डीन, डायरेक्टर सहित शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# जैसलमेर में शहीद जयसिंह भाटी की प्रतिमा का अनावरण किया



शहीद जयसिंह भाटी की आदमकद प्रतिमा का अनावरण शहीद जयसिंह भाटी सर्किल पर हुआ।

■ उपकमांडेंट जयसिंह भाटी ने 27 मार्च 1996 को कश्मीर के सोपोर में आतंकवादियों से संघर्ष करते हुए प्राण त्याग दिये थे

■ जयसिंह भाटी के नाम पर सीमा सुरक्षा बल ने एक सीमांत चौकी का नाम ''जय'' रखा है तथा गुवाहाटी (असम) की एक सड़क का नाम शहीद जयसिंह के नाम किया है

**जैसलमेर,** (निसं)। शहीद जयसिंह भाटी के 29वें बलिदान दिवस पर शहीद जयसिंह भाटी सर्किल पर आदमकद प्रतिमा का अनावरण हुआ। सेना की ओर से शहीद को सलामी दी गई।

समारोह में ख्याला मठ महंत गोरखनाथ, सीसुब महानिरीक्षक योगेंद्रसिंह, पूर्व विधायक जितेंद्रसिंह भाटी, रूपाराम धनदे, समाजसेवी सुनीता भाटी, जिला प्रमुख प्रतापसिंह, पूर्व सांसद मानवेन्द्रसिंह, विधायक छोटूसिंह भाटी, स्वामी प्रतापपुरी, रविन्द्रसिंह भाटी, पूर्व सांसद कर्नल सोनाराम चौधरी, पूर्व जिला प्रमुख अंजना मेघवाल, कलेक्टर प्रतापसिंह, पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी, निर्वतमान सभापति हरिवललभ कल्ला, एडवोकेट सवाईसिंह देवड़ा, जितेंद्रसिंह भाटी पूनमनगर, मदनसिंह राजमथाई, आयुक्त लजपालसिंह सोढा सहित कई जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे। शहीद जयसिंह भाटी के 29वें बलिदान दिवस पर शहीद जयसिंह भाटी सर्किल पर आदमकद प्रतिमा के अनावरण के दौरान जीवनलाल दलाल को जयसिंह स्मारक बनाने के लिए बेस्ट ठेकेदार के रूप में छोटूसिंह भाटी और मानवेंद्रसिंह द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिले के सभी समाजों के लोगों सहित हजारों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

जानकारी के अनुसार शहीद जयसिंह भाटी जैसलमेर के दक्षिणी बसियां गांव देवड़ा के निवासी थे। सीमा सुरक्षा बल में उपकमांडेंट पद पर रहते हुए 27 मार्च 1996 को कश्मीर के सोपोर में आतंकवादियों से संघर्ष करते हुए प्राण त्याग दिये थे। उनके अदम्य साहस, पराक्रम व शौर्य को देखते हुए तत्कालीन भारत सरकार द्वारा राष्ट्रपति पुलिस पदक से नवाजा गया था। उनके नाम पर सीमा सुरक्षा बल ने एक सीमांत चौकी का नाम ''जय'' रखा है तथा उनकी 42 वीं बटालियन द्वारा गुवाहाटी (असम) की एक सड़क का नाम शहीद जयसिंह के नाम किया गया है।

# भारत-पाक सीमा पर बीएसएफ की चुनौतियां कम नहीं हो रही

**बीकानेर,** (निसं)। भारत-पाक सीमा पर बीएसएफ की चुनौतियां कम नहीं हो रही हैं। सीमा पार पाकिस्तान में इन दिनों 12 हेरोइन तस्कर सक्रिय हैं। छह पंखों वाले ड्रोन ऑपरेट कर रहे हैं जो ज्यादा वजन और दूरी तय करने में सक्षम है।

बीएसएफ की इंद्रजीत सीमा चौकी एरिया में 3.127 किलोग्राम हेरोइन और संदिग्ध बाइक जब्त की गई थी। बीएसएफ की जी ब्रांच के पास इसका इनपुट पहले से ही था, जिसे लेकर सर्विलांस सिस्टम को सक्रिय कर दिया गया था। दरअसल हेरोइन की यह खेप भेजने वाला पाक तस्कर नाजिर बताया जा रहा है। बीकानेर बॉर्डर के सामने इस धंधे में इसकी नई एंट्री है। पहली बार में ही इसने 15 करोड़ की हेरोइन भेजी, लेकिन बीएसएफ जी ब्रांच की सक्रियता के कारण पंजाब के तस्करों के हाथ नहीं लग सकी। हेरोइन के पैकेट पर कोड वर्ड में एन और शेर की मुहर है। पंजाब तस्करों के लिए इस बात का संकेत है कि माल नाजिर ने भेजा है।

सूत्रों का कहना है कि बीकानेर के सामने पाकिस्तान के बहावलपुर और श्रीगंगानगर के सामने भावलनगर एरिया में इन दिनों 12 हेरोइन तस्कर सक्रिय हैं। इनका सरगना मलिक चौधरी है, जिसने 2021 में बंदली सीमा चौकी पर करीब 300 करोड़ की हेरोइन पाइप के जरिए भेजी थी। दूसरे सरगना को महार नाम से जाना जाता है। अन्य पाक तस्कर इरफान, राजा, चाचा आदि इनके गुर्गे हैं। इनके नाम का पहला अक्षर ही इनका कोडवर्ड होता है। सीमा पार से यह तस्कर आए दिन ड्रोन से हेरोइन भेज रहे हैं, लेकिन हर बार माल पकड़ा नहीं जाता। सूत्रों का यहां तक कहना है कि इस धंधे में ईमानदारी इतनी है कि गलती से किसी दूसरे तस्कर को पैकेट हाथ लग जाए तो उसे उसके असली खरीददार तक पहुंचाता है।

बीएसएफ बीकानेर सेक्टर के 165 किलोमीटर बॉर्डर पर पिछले पांच साल में हेरोइन तस्करी की 14 वारदातें हो चुकी हैं, जिनमें से सबसे ज्यादा चार घटनाएं नेमीचंद बीओपी एरिया में हुई हैं। बॉर्डर पर बीएसएफ की बंदली, संग्रामपुर, केके टिब्बा, भगत, भागीरथी, दीपामाला, मानसरोवर, हिमगिरी, सखी और इंद्रजीत बीओपी पाक तस्करों को टारगेट एरिया बनी हुई हैं। पंजाब के तस्करों से वर्चुअल कॉल पर सेटिंग होने के बाद लोकेशन शेयर करने पर ड्रोन से पार्सल भेजे जाते हैं। ड्रोन जीपीएस कनेक्टेड होने के कारण हवा में करीब एक किमी ऊपर से पार्सल मैदानी इलाके में गिरा कर लौट जाता है। बीओपी से ढाई-तीन किमी की दूरी होने के कारण आम तौर पर बीएसएफ को इसकी भनक नहीं लग पाती। बॉर्डर इलाके के स्थानीय बेरोजगार और बदमाश प्रवृति के युवाओं को पैसे का लालच देकर पंजाब के तस्कर पार्सल उठवाते हैं। बॉर्डर पर आम तौर पर चार पंखे वाले ड्रोन का उपयोग हेरोइन भेजने में किया जा रहा है। यह कीमत में सस्ते होते हैं। गिर भी जाएं तो ज्यादा नुकसान नहीं होता। अब पता चला है कि पाक तस्कर छह पंखों वाले ड्रोन भी उड़ाने लगे हैं। हालांकि इसे अब तक ट्रेस नहीं किया गया है, लेकिन सूत्रों का कहना है कि यह ड्रोन ज्यादा वजन ले जाने और दस किलोमीटर तक की दूरी तय करने में सक्षम है।

# सचिव व बाबू रिश्वत लेते गिरफ्तार

**भरतपुर,** (निसं)। एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर एसीबी चौकी भरतपुर इकाई द्वारा कार्रवाई करते हुए संतोष कुमार सचिव एवं मोहित कुमार बाबू डीपीएम एसटीसी कॉलेज हलेना में 15 हजार रूपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक पुलिस डॉ. रवि प्रकाश मेहरडा ने बताया कि एसीबी चौकी भरतपुर को एक शिकायत इस आशय की मिली कि परिवादी की उपस्थिति कम दिखाकर उक्त उपस्थिति को पूर्ण करने व स्कॉलरशिप दिलाने के एवज में 25,500 रूपये रिश्वत की मांग रिश्वत की मांग कर परेशान कर रहा है, जिस पर एसीबी रेंज भरतपुर के उप महानिरीक्षक राजेश सिंह के सुपरविजन में एसीबी चौकी भरतपुर के अमित सिंह अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में आरोपी संतोष कुमार सचिव एवं मोहित कुमार बाबू डीपीएम एसटीसी कॉलेज में 15 हजार रूपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया है। एसीबी की अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस स्मिता श्रीवास्तव के सुपरविजन में आरोपी से पूछताछ तथा कार्रवाई जारी है।

# राजस्थान दिवस साप्ताहिक महोत्सव के तहत अजमेर में अंत्योदय कल्याण समारोह आयोजित

**अजमेर,** (कासं)। राजस्थान दिवस साप्ताहिक महोत्सव के अन्तर्गत गुरूवार को अंत्योदय कल्याण समारोह का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भरतपुर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम से संबोधित किया। वीसी के माध्यम से सीधा प्रसारण डॉ. भीमराव अंबेडकर मेडिकल कॉलेज सभागार में किया गया। उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने जिला स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित किया और विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को भी लाभान्वित किया गया।



जिला स्तरीय कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को लाभान्वित किया।

■ डबल इंजन की सरकार के माध्यम से जनहित के कार्यों की गति को बढ़ावा मिला है : दिया कुमारी

जिला स्तरीय समारोह में उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि भारत को विश्व पटल पर पहचान मिली है। दुनियाभर में भारत को सम्मान की दृष्टि से देखा जाता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विकसित भारत बनाने के ध्येय को लेकर प्रतिबद्ध है। विकसित भारत की संकल्पना जल्द पूर्ण होगी। इसे पूर्ण करने में सरकार और समाज एक साथ लगे हुए हैं। इसके परिणाम भी सामने आ रहे हैं। उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि केन्द्र के साथ-साथ राज्य सरकार भी देश को आगे बढ़ाने में लगी हुई है। राज्य सरकार राज्य को देश में अग्रणी राज्य बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इसके लिए शिक्षा, सड़कें, स्वास्थ्य, पेयजल जैसी मूलभूत आवश्यकताओं को केन्द्र में रखकर कार्य किया है। गत एक वर्ष में आमजन से जुड़े कार्य किए गए हैं। प्रत्येक क्षेत्र में विकास किया जा रहा है। राज्य में मूलभूत सुविधाओं का वृहद स्तर पर विस्तार हुआ है। डबल इंजन की सरकार के माध्यम से जनहित के कार्यों की गति को बढ़ावा मिला। इससे गरीब वर्ग के जीवन में बदलाव आया है। आज के अन्त्योदय कल्याण समारोह के माध्यम से अन्तिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने का कार्य किया गया।

जिला कलेक्टर लोक बन्धु ने बताया कि जिला स्तरीय कार्यक्रम में लाभार्थियों को लाभांवित किया गया। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के माध्यम से 46 दृष्टिबाधित दिव्यांगों को स्मार्ट फोन वितरित किए गए। श्रवणबाधित 10 विद्यार्थियों को श्रवणयंत्र दिए गए। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के अन्तर्गत 5 लाभार्थियों को अगली किस्त जारी की गई। जिला परिषद के माध्यम से स्वामित्व योजना के अन्तर्गत 14 लाभार्थियों को प्रापर्टी पार्सल पट्टे दिए गए। श्रम विभाग की योजनाओं से लाभांवित 4 व्यक्तियों को प्रतिकात्मक चेक वितरित किए गए। इस अवसर पर देवनारायण बोर्ड के अध्यक्ष ओमप्रकाश भडाणा, विधायक अनिता भदेल एवं विरेन्द्र सिंह कानावत, उपमहापौर नीरज जैन, पूर्व जिला प्रमुख पुखराज पहाड़िया, अध्यक्ष जीतमल प्रजापत एवं रमेश सोनी, यूआईटी के पूर्व अध्यक्ष धर्मेश जैन, भारती श्रीवास्तव, अर्जुनसिंह रावत सहित अन्य मौजूद रहे।

# फरार आरोपी गिरफ्तार

**कोटा,** (निसं)। चेचट पुलिस टीम ने मादक पदार्थ मामले में दो साल से फरार चल रहे वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया। कोटा ग्रामीण पुलिस अधीक्षक सुजीत शंकर ने बताया कि 15 मई 2023 को मंडाना पुलिस टीम ने कार्यवाही करते हुए कार में तलाशी के दौरान अवैध मादक पदार्थ डोडा-चूरा 213 किलोग्राम सहित आरोपी भागीरथ को एनडीपीएस एक्ट में गिरफ्तार किया था। पकड़े गये आरोपी भागीरथ ने चेचट पुलिस द्वारा किये गये अनुसंधान में अवैध मादक पदार्थ डोडा-चूरा जिला मंदसौर के सुरजना जुना निवासी गोविन्द सिंह से लाना बताया तभी से आरोपी गोविन्द सिंह फरार चल रहा था। कोटा ग्रामीण एसपी ने बताया कि वांछित आरोपी की गिरफ्तारी के लिये चेचट थाने के उपनिरीक्षक थानाधिकारी राजेन्द्र प्रसाद के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। एसपी ने बताया कि गठित टीम ने दो साल से फरार चल रहे आरोपी की तलाश के लिये जगह-जगह दबिश दी और कार्यवाही करते हुए जिला मंदसौर के सुरजान जुना निवासी गोविंद सिंह को कोटा से डिटेन कर गिरफ्तार किया।

# थ्रेसर मशीन से हाथ कटकर अलग हुआ था, 45 लाख देने होंगे

**सांभरझील,** (निसं)। ट्रैक्टर चालक की लापरवाही से काम करने वाले पीड़ित की ट्रैक्टर की थ्रेसर मशीन से दाहिना हाथ कटकर अलग होने के दुर्घटना के मामले में सैशन न्यायाधीश अरविंद कुमार जांगिड़ ने मोटर दुर्घटना वाद प्रकरण की सुनवाई करते हुए पीड़ित को 44 लाख 88 हजार की क्षतिपूर्ति राशि अदा किए जाने हेतु बीमा कंपनी को 3 सितंबर 2022 से वसूली तक 9 प्रतिशत वार्षिक दर से साधारण ब्याज ज्यादा करने की आदेश दिए हैं।

प्रार्थी पीड़ित के अधिवक्ता सुरेंद्र परिहार ने न्यायालय को बताया कि ट्रैक्टर में लगी थ्रेशर मशीन को चालक द्वारा अचानक गफलत व लापरवाही से चालू कर दिया जिसके कारण प्रार्थी का दाहिना हाथ कटकर अलग हो गया था। पीड़ित जगदीश प्रसाद पुत्र छोटूराम निवासी पणिहारी थाना फुलेला जिला जयपुर का रहने वाला है, इस मामले में उसकी ओर से फुलेरा थाने में मुकदमा दर्ज भी कराया गया था। प्रार्थी जगदीश प्रसाद को उसके बचत खाते में 24 लाख 88 हजार रुपए मय ब्याज सावधि जमा राशि 20 लाख रुपए मय ब्याज 3 वर्षीय अवधि के लिए विभाजित करने के न्यायालय ने बीमा कंपनी को आदेशित किया है।

# चाइल्ड पोर्नोग्राफी कंटेंट विदेश भेजकर लाखों कमाये, एक गिरफ्तार

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। चाइल्ड पोर्नोग्राफी कंटेंट विदेश भेजकर लाखों रुपए कमाए। इस पैसे को महंगे होटलों में मौज-मस्ती और लड़कियों पर खर्च करता। पुलिस जब चेकिंग के लिए एक होटल में पहुंची तो संदिग्ध गतिविधियों के आधार पर युवक को पकड़ लिया। पूछताछ में युवक ने चौंकाने वाला खुलासा किया।

श्रीगंगानगर एसपी गौरव यादव ने बताया कि पुलिस ने केसरीसिंहपुर निवासी सौरभ मेहरा (22) को गिरफ्तार किया है। मोबाइल की तलाशी और पूछताछ करने पर आरोपी की पूरी कहानी सामने आ गई। युवक इंस्टाग्राम और टेलीग्राम के जरिए पोर्नोग्राफिक सामग्री के लिंक मंगवाता था। इन लिंक को विदेशी ग्राहकों को भेजकर डॉलर में पेमेंट लेता था। भुगतान के लिए पेपैल का इस्तेमाल करता था। एसपी गौरव यादव ने बताया कि आरोपी सौरभ मेहरा श्रीगंगानगर में एक होटल में ठहरा हुआ था। पुरानी आबादी थाना प्रभारी ज्योति नायक होटलों की चेकिंग पर निकली थी। एक होटल में पहुंचे तो युवक की गतिविधि संदिग्ध लगी। थाना प्रभारी को शक हुआ तो उसके मोबाइल की जांच की गई तो उसमें कुछ ट्रांजैक्शन चल रहे थे। इस बारे में पूछा तो युवक सही जवाब नहीं दे पाया। पुलिस युवक को थाने ले आई। एसपी ने बताया कि आरोपी सौरभ टेलीग्राम पर 'मेगा लिंक्स' नाम से आईडी बनाकर विदेशी ग्राहकों को चाइल्ड पोर्नोग्राफी कंटेंट भेजता था। आरोपी अपने मोबाइल से यह काम करता था। वह इंस्टाग्राम और टेलीग्राम के जरिए अश्लील सामग्री के लिंक मंगवाता था।

एसपी गौरव यादव ने बताया कि आरोपी विदेशी ग्राहकों को ये लिंक भेजकर डॉलर में पेमेंट लेता था। पुलिस ने आरोपी का मोबाइल जब्त कर लिया है। उसके खिलाफ आईटी और पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। एसपी ने बताया कि आरोपी सौरभ मेहरा ने इंस्टाग्राम पर 'पेज सेलर' के नाम से पेज आईडी बनाई, उस पर अश्लील सामग्री के लिए अंतरराष्ट्रीय लोगों को जोड़ता था। जिसके बाद वह उन्हें लिंक भेजता था। शुरुआती जांच में पता चला है कि बाद में इंस्टाग्राम से इस पेज आईडी को हटा दिया, लेकिन तब तक आरोपी के पेज पर कई विदेशी और राज्य के लोग जुड़ चुके थे।

पुरानी आबादी थाना प्रभारी ज्योति नायक ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि युवक जिन देशों में पोर्नोग्राफी प्रतिबंधित नहीं है, वहां के लोगों से संपर्क कर उन्हें पैसे भेजता था और वहां से भी पोर्नोग्राफी सामग्री मंगवाता था। अब तक उसने कितने लोगों से पैसे ऐंठे, उसे खुद भी याद नहीं है। आरोपी पिछले 2 साल से यह पोर्नोग्राफी लिंक भेज रहा था। युवक की इस हरकत की जानकारी परिजनों को नहीं थी।

# हमले के दो आरोपी गिरफ्तार

कोटा, (निसं)। महावीर नगर पुलिस टीम ने महावीर नगर इलाके में पेट्रोल पम्प कर्मचारियों के ऊपर किये गये हमले में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

महावीर नगर थानाधिकारी रमेश कविया ने बताया कि 22 मार्च को फरियादी ने रिपोर्ट दी थी। फरियादी ने रिपोर्ट में कहा था कि मोटरसाईकिल सवार ने उसके एक साथी कर्मचारी शंभु सिंह से 99 रूपये का पेट्रोल बाइक में डलवाया और उससे एक रूपया मांग रहा था। जिस पर उसने व शंभूसिंह ने उसको एक रूपया नहीं होने की बात कहकर 10 रूपये दिये जिस पर उसने उनसे अपशब्द बोले और विवाद होने पर अपने अन्य साथियों को मौके पर बुलाकर उन दोनों पर हमला कर दिया। थानाधिकारी ने बताया कि फरियादी की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर मुगेना निवासी महेन्द्र कुमार मीना और रंगबाड़ी निवासी भुपेन्द्र मीना को गिरफ्तार किया।

# हत्या के प्रयास में तीन माह से फरार आरोपी गिरफ्तार

■ पुलिस को देख आरोपी ने भागने का प्रयास किया

**कोटा,** (निसं)। अनंतपुरा पुलिस टीम ने हत्या के प्रयास में तीन माह से फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी ने पुलिस टीम को देखकर भागने का प्रयास किया और इस प्रयास के दौरान आरोपी फॉरलेन पुलिया से कूदा जिससे उसके पांव में भी चोट लगी। पुलिस टीम ने आरोपी का पीछा कर आरोपी को दस्तयाब कर इलाज कराकर प्रकरण में गिरफ्तार किया।

शहर पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन ने बताया कि फरियादी ने 2 जनवरी को अनंतपुरा थाने में रिपोर्ट दी। फरियादी ने रिपोर्ट में कहा कि उसके भाई अजीत पर तुल्लापुरा निवासी वीरेन्द्र उर्फ बिन्दा ने जान से मारने की नियत से चाकू से हमला किया। शहर एसपी ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिये अनंतपुरा थानाधिकारी भुपेन्द्र सिंह के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। शहर एसपी ने बताया कि टीम को फरार चल रहे आरोपी की झालावाड़ रोड़ कर्णेश्वर महादेव मंदिर की तरफ होने की सूचना मिली। शहर एसपी ने बताया कि सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची, पुलिस टीम को देखकर आरोपी ने भागने का प्रयास किया और फॉरलेन पुलिया से कूद गया जिसका पीछा कर पुलिस टीम ने आरोपी को दस्तयाब कर उसका इलाज कराकर प्रकरण में पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया। पकड़ा गया आरोपी रेलवे कॉलोनी थाने का शातिर हार्डकोर अपराधी है। पकड़े गये आरोपी से अनुसंधान जारी है।

**ट्रैक्टर चोर गिरफ्तार :** कोटा के अनंतपुरा पुलिस टीम ने ट्रैक्टर चोरी के एक वर्ष पुराने प्रकरण का खुलासा करते हुए ट्रैक्टर चुराने वाले वांछित चल रहे चोर को गिरफ्तार किया है। अनंतपुरा थानाधिकारी भुपेन्द्र सिंह ने बताया कि दादाबाड़ी पुलिस टीम ने इलाके में गश्त के दौरान मोटरसाईकिल चोरी की फिराक में घूम रहे एक व्यक्ति को संदेह होने पर डिटेन कर थाने लाकर पूछताछ की गई तो व्यक्ति धनेश्वर निवासी विनोद कुमार ने पूछताछ में अनंतपुरा में ट्रैक्टर चोरी की वारदात को करना स्वीकार किया। पूछताछ के बाद आरोपी विनोद को गिरफ्तार कर अनंतपुरा पुलिस को सौंपा। थानाधिकारी ने बताया कि आरोपी से पूछताछ व सीसीटीवी फुटैज के आधार पर ट्रैक्टर चोरी के एक वर्ष पुराने प्रकरण का खुलासा कर विनोद कुमार को गिरफ्तार किया गया।

# लाखों के जेवर लेकर पुत्र के साथ विवाहिता लापता

**सादुलपुर,** (निसं)। राजगढ़ थाना पुलिस ने गुरुवार को ग्रामीण क्षेत्र के एक व्यक्ति की रिपोर्ट पर 30 वर्षीय विवाहिता द्वारा घर से ससुराल जाने की कहकर लाखों रुपए के सोने-चांदी के जेवरात सहित अपने॰आठ वर्षीय पुत्र को साथ लेकर लापता होने पर गुमशुदगी का मामला दर्ज किया है।

राजगढ़ थानाधिकारी राजेश कुमार सिहाग ने बताया कि थाने में एक व्यक्ति ने गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज करवाई है कि 25 मार्च को उसकी 30 वर्षीय बहन अपने 8 वर्षीय पुत्र को लेकर अपने गाँव से अपनी ससुराल जाने के लिए घर से निकली थी, जो शाम तक अपनी ससुराल नहीं पहुंची। उन्होंने अपनी बहन के ससुराल व अपनी समस्त रिश्तेदारियों तथा जान पहचान वालों से उसके बारे में काफी पूछताछ की परन्तु आज तक उसका कोई पता नहीं लग पाया है।

# अवैध हथियार सहित आरोपी गिरफ्तार

**कोटा,** (निसं)। अयाना पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए अवैध देशी टोपीदार बंदूक सहित आरोपी को गिरफ्तार किया है।

कोटा ग्रामीण पुलिस अधीक्षक सुजीत शंकर ने बताया कि अवैध हथियारों की रोकथाम व अपराधियों की धरपकड़ के लिये लगातार अभियान चलाया जा रहा है। कोटा ग्रामीण एसपी ने बताया कि इटावा वृताधिकारी शिवम् जोशी के सुपरविजन एवं अयाना थाने के उपनिरीक्षक थानाधिकारी उम्मेद सिंह के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। कोटा ग्रामीण एसपी ने बताया कि अयाना थाने के उपनिरीक्षक थानाधिकारी उम्मेद सिंह ने मय जाप्ता इलाके में कार्रवाई करते हुए एक जने से अवैध देशी टोपीदार बंदूक बरामद की। पुलिस टीम ने मौके पर आर्म्स एक्ट में कार्रवाई करते हुए रूण्डी गांव थाना अयाना निवासी मुकेश (42) को गिरफ्तार किया। पकड़े गये आरोपी से अवैध हथियार के बारे में अनुसंधान किया जा रहा है।